


डाक पंजीयन क्र. L/ RNP/म.प्र./ मन्दसौर/122/ 2024- 26
ई-पेपर www.guruexpress.live

बात आपकी, शब्द हमारे

# गुरु एक्सप्रेस

सुबह का अख़बार

संपादक – आशुतोष नवाल

वर्ष 19 | अंक 13 | पृष्ठ 4 | मन्दसौर | सोमवार 21 अक्टूबर 2024 | मूल्य 2 रुपया

## खिमला पॉवर प्लांट में हादसा, मजदूर की मौत

**मनासा, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** रामपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम खिमला में निर्माणाधीन पॉवर प्लांट में शनिवार को एक हादसा हो गया। इस हादसे में लिफ्टिंग मशीन पर कार्य करने के दौरान मजदूर गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले रामपुरा के शासकीय चिकित्सालय लाया गया। मगर गंभीर हालत को देखते हुए उसे नीमच के बड़े अस्पताल रेफर किया गया। मगर मजदूर ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। मृतक के शव का रविवार सुबह परिजनों के आने के बाद पोस्टमॉर्टम किया गया। मृतक मातबर सिंह पिता रूपराम चौहान उम्र 43 वर्ष उत्तराखंड के नयारा जिला का रहने वाला था। पिछले कई महीनों से वह ग्रीनको कंपनी के निर्माणाधीन पावर प्लांट में मजदूरी का काम कर रहा था। पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। मामले में थाना प्रभारी उमेश यादव ने बताया कि मृतक उत्तराखंड के नयारा जिला का रहने वाला था। शव का पोस्टमॉर्टम कर शव परिजनों के सुपुर्द कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

# इंसान के साथ माटी की सेहत पर सवाल..!

### प्रयोगशाला तैयार, परीक्षण करने वालों का इंतजार

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। मानव के स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी आम है। लेकिन, मिट्टी की सेहत को लेकर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। इसकी जांच के लिए कोई विशेष सुविधा नहीं है। जिला मुख्यालय पर सिर्फ एक प्रयोगशाला है। जबकि, मिट्टी की सेहत जाँचने के लिए धरतीपूत्र को लम्बी दूरी तय करना परेशानी का सबब बनता है। इधर जिले में चार प्रयोगशालाओं का निर्माण तो सात साल पहले करवा दिया गया। लेकिन, इसकी शुरुआत अभी तक नहीं हो पाई है।**

बता दे कि जिले में मिट्टी परीक्षण के लिए शासन ने वर्ष 2017 में 1 करोड़ 60 लाख रुपए से 4 प्रयोगशालाएं बनवाई थीं। किन्तु नियुक्तियां नहीं होने के कारण आज तक ये शुरू ही नहीं हो सकी। इधर बीते तीन सालों में मृदा की सेहत जानने के लिए किसानों ने 25 हजार हेल्थ सॉइल कार्ड बनवाए हैं। कृषि वैज्ञानिकों के अनुसार कोडेक्स मिट्टी का परीक्षण हर किसान को करवाना चाहिए ताकि त्वरित इलाज हो सके।

### सात साल से प्रयोगशाला को नियुक्तियों का इंतजार...

मिट्टी का परीक्षण करने के लिए शासन ने 7 साल पहले हर विकासखंड में एक-एक प्रयोगशाला बनाई थी। इनमें लाखों रुपए की मशीनें भी लगाई गईं। टेक्नीशियन व अन्य अमला नहीं होने से इन प्रयोगशालाओं में एक भी दिन काम नहीं हो सका। जिले के 4 विकासखंड गरोठ, सीतामऊ, मल्हारगढ व भानपुरा में बनी प्रयोगशालाओं पर फिलहाल ताले लगे हैं। किसान कल्याण व कृषि विकास विभाग ने इन चारों विकासखंड में इन्हें चलाने के लिए युवा उद्यमियों व संस्थाओं से ऑनलाइन आवेदन लिए है।

### एक प्रयोगशाला पर अभी 15 हजार से ज्यादा परीक्षण का भार...

मिट्टी परीक्षण के लिए जिलास्तर पर एक प्रयोगशाला संचालित की जा रही है। जिले के हर विकासखंड में दो-दो मिनी लैब जरूर बनाई गई है। इनकी क्षमता काफी कम है। मंदसौर में संचालित लैब के अधिकारी बताते हैं कि जिले को खरीफ के 12 हजार से ज्यादा परीक्षण का लक्ष्य मिला था। वहीं रबी के लिए भी 3 हजार मिट्टी परीक्षण करने का लक्ष्य है। इसके अलावा मिट्टी लेकर आने वाले किसानों के नमूनों का भी परीक्षण करना होता है। इसलिए सभी परीक्षण नहीं हो पाते हैं। प्रयोगशाला पर भार रहता है।



### तय करना पड़ती हैं 100 किमी से ज्यादा दूरी...

विकासखंडों में प्रयोगशाला नहीं होने से अब किसानों को मिट्टी के परीक्षण के लिए मंदसौर जिला मुख्यालय आना पड़ता है। किसान अपने कार्य छोड़कर जिला मुख्यालय आने के लिए भी हिचकिचाता है। गरोठ क्षेत्र के किसान तो 100 किमी से ज्यादा दूरी तय कर जिला मुख्यालय पहुंचते हैं।



## करवा चौथ: निराहार रहकर की पति की लंबी उम्र की कामना

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। शहर सहित समूचे अंचल में रविवार को करवा चौथ पर्व उत्साह से मनाया गया। महिलाओं ने दिनभर निराहार रहकर मंदिरों व अन्य जगहों पर एकत्र होकर चौथ माता की पूजा कर पति की लंबी उम्र की कामना की। महिलाओं ने सज-धजकर चांद की पूजा कर अर्ध्य अर्पित कर छलनी में अपने पति के चहरे को देख व्रत खोला। कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से चौथ माता की पूजा की। ब्यूटी पार्लरों पर भी दिनभर महिलाओं की भीड़ रही।**

बता दें कि करवा चौथ के दिन मां गौरी और गणेश जी की विधिवत पूजा की जाती है। करवा चौथ का व्रत स्त्रियों के लिए फलदायक माना गया है। अपने पति की रक्षा और लंबी उम्र की कामना के लिए महिलाएं करवा चौथ का व्रत हर साल रखती हैं। यह व्रत निर्जला व्रत है, जो बेहद कठिन माना जाता है। करवा चौथ पर चंद्रमा की पूजा का विशेष महत्व है। इस दिन सुहागिन महिलाएं व्रत रख संध्या के समय शुभ मुहूर्त में व्रत कथा का पाठ करती हैं। फिर चंद्रोदय होने पर चंद्रमा के दर्शन और पूजा करने के पश्चात ही अपना व्रत खोलती हैं।

## अस्पतालों में बनेंगे आइसोलेशन वार्ड, दिन में दो बार होगी सेम्पल टेस्टिंग




**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मंदसौर सहित प्रदेश में डेंगू के मामले इस साल तेजी से बढ़ रहे हैं। जहां पिछले साल 11 अक्टूबर तक मंदसौर में सिर्फ 16 डेंगू के मरीज मिले थे। वहीं इस साल सरकारी आंकड़ा 138 तक पहुंच गया है। इसके अलावा ग्वालियर और इंदौर 2024 में सबसे ज्यादा प्रभावित जिलों में हैं। अब राज्य में डेंगू की रोकथाम के लिए सरकारी अस्पतालों में खास प्रबंध किए जा रहे हैं। सैंपल टेस्टिंग अब जिला स्तर पर दिन में दो बार होगी, 12 घंटे के भीतर रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाएगी। अस्पतालों में आइसोलेशन वार्ड बन रहे हैं। डेंगू प्रोटोकॉल के तहत इलाज की बेहतर समझ के लिए अब डॉक्टरों को भी विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। साथ ही मरीजों को समय पर मदद देने के लिए कंट्रोल रूम बनाया गया है। इसका हेल्पलाइन नंबर 0755 2660636 है। सरकार ने निजी अस्पतालों और लैब्स से समय पर सही आंकड़े साझा करने का अनुरोध किया है, ताकि सभी मरीजों को सही समय पर उपचार मिल सके।






### दुकानों की साफ-सफाई

**मंदसौर शहर के बाजारों में आज दीपावली से एक पखवाड़ा पहले व्यापारियों द्वारा अपनी दुकानों की साफ-सफाई का कार्य किया गया। वैसे भी शहर में रविवार को बाजार बंद रहते हैं। उसी को देखते हुए व्यापारियों द्वारा अपनी-अपनी दुकानों की सफाई की गई।**

मामला 70 प्लस के आयुष्मान कार्ड बनाने का...

## वेबसाइट बंद, परेशान हो रहे बुजुर्ग

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** केंद्र सरकार ने 70 साल से उम्र के सभी बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया शुरू की थी। लेकिन, बीते एक सप्ताह से वेबसाइट न चलने के कारण रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहे हैं। बता दें कि इसके तहत हर साल 5 लाख रुपए तक का इलाज मुफ्त कराया जा सकता है। प्रदेश में अब तक बीपीएल कार्ड धारक जिनके पास खाद्यान्न पर्ची है, संबल योजना के हितग्राही, भवन एवं संन्निर्माण कर्मकार मंडल के हितग्राही, पीवीटीजी हितग्राही, गैस पीड़ीतों के अलावा आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिका के आयुष्मान कार्ड बनाए जा रहे हैं। वहीं अब 70 प्लस बुजुर्गों के कार्ड बनाने के लिए आवेदन शुरू किए गए हैं। आयुष्मान भारत निरामय योजना मप्र के सीईओ डॉ. योगेश भरसट ने बताया कि करीब 60 हजार से अधिक बुजुर्गों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने हैं। 70 साल और उससे ज्यादा उम्र के सभी बुजुर्ग इस योजना का फायदा उठा सकेंगे, चाहे उनकी आर्थिक स्थिति कैसी भी हो। उन्होंने बताया कि इन बुजुर्गों के लिए एक नया अलग कार्ड जारी किया जाएगा।

## पिता करता था नशे में छेड़छाड़, गिरफ्तार

**रतलाम, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** एक 21 साल की बेटी ने अपने 50 साल के पिता पर छेड़छाड़ का आरोप लगाया है। बेटी की शिकायत पर पुलिस ने पिता के खिलाफ छेड़छाड़ का प्रकरण दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। मामला रतलाम के थाना औद्योगिक क्षेत्र का है।

पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसका पिता नशे का आदी है और अक्सर नशे में होने पर उसके साथ दुर्व्यवहार करता था। उसकी मां नौकरी करती हैं और पिता बाजार में ठेला लगाता है। जब मां काम पर होती थी तो पिता उसके साथ छेड़छाड़ करता था। पिछले कुछ दिनों से ये घटनाक्रम लगातार जारी था। पीड़िता ने अपनी परेशानी पहले अपनी मामी को बताई, जिसके बाद मामी ने पीड़िता की मां को इस बारे में सूचित किया। मां ने बेटी के साथ मिलकर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## आपसी विवाद में फायरिंग, दो पर प्रकरण दर्ज

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। सीतामऊ थाना क्षेत्र के लदुना गांव में आपसी विवाद में दो लोगों ने एक युवक पर फायरिंग कर दी। जिससे एक गोली राहुल पिता बाबूलाल सेन के दाहिने पैर की जांघ पर लगी है। मामले में पुलिस ने दो लोगो पर प्रकरण दर्ज किया हैं।**

जानकारी के मुताबिक शनिवार की देर शाम लदुना तालाब में नाले के पास युवक पर फायरिंग हुई। जिसकी सूचना मिलने पर सीतामऊ पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को प्राथमिक चिकित्सालय लेकर पहुंची। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायल को मंदसौर के बड़े अस्पताल रेफर किया गया है। शुरुआती जानकारी में सामने आया है कि तौसीफ और मोसिन नाम के दो व्यक्तियों का राहुल के साथ विवाद हो गया था। इसके बाद दोनों ने उसके ऊपर फायर कर दिया। जानकारी के मुताबिक आरोपियों और घायल राहुल के बीच पुराना विवाद चल रहा है। पिछले महीने भी आरोपियों ने राहुल को चाकुओं से वार कर घायल कर दिया था। तब पुलिस ने मामले में तौसीफ ओर मोसिन के खिलाफ धारा-115(2), 296, 118(1), 118(2), 351(3), 3(5) बीएनएस में मामला दर्ज किया था। फिलहाल पुलिस घटना स्थल का निरीक्षण कर तमाम पहलुओं की जांच कर रही है। इधर डॉक्टर वीके सुराह के अनुसार घायल के जांघ से गोली आरपार हुई है। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद बड़े अस्पताल रेफर किया गया है।

### बाईक भिड़ी, एक की मौत, दो घायल

**नीमच/मनासा, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** रविवार देर शाम 5:30 बजे करीब मनासा मंदसौर मार्ग पर महागढ़ के समय दो बाइक की आमने-सामने जबरदस्त भिड़ंत हो गई हादसा इतना भयानक था कि पल्सर गाड़ी का इंजन फुट गया वही डीलक्स गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। घटना में महागढ़ निवासी विद्युत लाइनमैन मोहन सिंह चंद्रावत निवासी महागढ़ की मृत्यु हो गई है। वही अन्य बाइक सवार रतलाम जिले का निवासी बताया जा रहा है। दोनों घायलों को एंबुलेंस की मदद से उपचार के लिए मनासा शासकीय अस्पताल ले जाया गया। जहां पर घायलों का उपचार जारी है। हादसा इतना भयानक था कि देखने वालो के होश उड़ गए।





## रात में बढ़ने लगा ठंड का असर

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिले से मानसून को विदा हुए एक सप्ताह हो गया है। हालांकि प्रदेश के दक्षिणी हिस्सों के जिलों में बारिश का दौर जारी है। ऐसा तीन सिस्टम की एक्टिविटी के चलते हो रहा है। हालांकि जिले में इसका असर नहीं है। यहां सुबह शाम गुलाबी ठंड का असर होने लगा है। अगले कुछ दिनों में असर और बढ़ जाएगा। खासकर रात के समय मे तापमान में तेजी से गिरावट आएगी।

नवम्बर के पहले सप्ताह में दिन के तामपान में भी गिरावट आने लगेगी। जिले में अधिकतम तापमान 31 डिग्री व न्यूनतम तापमान 21 डिग्री के आसपास बना हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार, ट्रफ अरब सागर के ऊपर एक्टिव है। वहीं, दो साइक्लोनिक सकुर्लेशन सिस्टम भी सक्रिय हैं। इनका असर प्रदेश के कई जिलों में देखने को मिल रहा है। खासकर दक्षिणी जिलों में पिछले 3 दिन से बारिश का दौर बना हुआ है।




### नगरपालिका दें रही अतिक्रमण को बढ़ावा

**नगर पालिका द्वारा समय समय पर अतिक्रमण हटाओ मुहिम चलाई जाती हैं। किन्तु मंदसौर में उल्टा हो रहा हैं। यहां नई आबादी स्थित भारत प्लाजा के सामने सुलभ काम्प्लेक्स का निर्माण कराया जा रहा हैं। नियमानुसार सड़क कि 60 फिट जगह छोड़कर निर्माण होना चाहिये। लेकिन, यहां नगर पालिका होनहार इंजिनियरो ने बगैर नापजोख के ही निर्माण कि अनुमति दें डाली। और रविवार से निर्माण कार्य भी शुरु हो गया। अब क्षेत्रवासी कह रहे हैं कि नई आबादी का निर्माण जिस सोच और उद्देश्य से किया गया था। नगर पालिका उसके उलट ही काम कर रही। इस निर्माण से गुमटी माफियाओ को भी सीधे सीधे लाभ मिलेगा। उनका अतिक्रमण भी अपना वजूद पक्का कर लेगा!**

## बलिदानियों की बहन-बेटी की शादी में 51 हजार रुपये देगी मप्र सरकार

### सीएम मोहन यादव ने किया पूर्व सैनिकों का सम्मान

**भोपाल, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस। शहर के बैरागढ़ में स्थित थ्री ईएमई सेंटर में रविवार को पूर्व सैनिकों की रैली का आयोजन किया गया। आर्मी सेंटर के जीत स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव शामिल हुए और पूर्व सैनिकों के साथ बलिदानी जांबाजों की कल्याणियों का सम्मान किया।**



**पूर्व सैनिकों के हित में कई घोषणाए–** इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कार्यक्रम के मंच से पूर्व सैनिकों और उनके स्वजन के हित में कई घोषणाएं कीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब बलिदानी के बहन-बेटियों की शादी में सरकार 15 हजार रुपए की बजाय 51 हजार रुपए की सहायता देगी। साथ ही मां को हर माह मिलने वाली सहायता 5 हजार रुपए से बढ़ाकर 10 हजार रुपए की जा रही है। उन्होंने कहा कि युद्ध एवं सैनिक कार्रवाई में बलिदान होने वाले सेना/केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल के बलिदानियों के आश्रितों को एक करोड़ रुपये की सहायता राशि और एक आश्रित को शासकीय सेवा में विशेष नियुक्ति दी जाएगी। सहायता राशि का आधा अंश शहीद की पत्नी को और आधा अंश आश्रित माता-पिता को दिया जाएगा। प्रदेश में निवासरत द्वितीय विश्व युद्ध के सैनिकों एवं उनकी पत्नियों की पेंशन 8 हजार रुपये से बढ़ाकर 15 हजार रुपये प्रतिमाह की गई है, जो देश में सर्वाधिक है। मध्यप्रदेश निवासी ऐसे माता-पिता, जिनकी पुत्री सेना में है, उनकी सम्मान निधि 10 हजार रुपये से बढ़ाकर 20 हजार रुपये प्रतिवर्ष की गई है।

**पीएम मोदी के नेतृत्व में सेना का बढ़ा मनोबल–**प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय सेना का मनोबल बढ़ा है। सेना को नवीन तकनीक के नवीनतम हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं। पीएम मोदी ने विदेशी हथियारों पर भारतीय सेना की निर्भरता कम करते हुए स्वदेशी लड़ाकू विमान और हथियार निर्माण पर विशेष ध्यान दिया है। अब हम सिर्फ युद्ध का जवाब ही नहीं देते बल्कि घर में घुसकर मारते हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व में देश के सेवा क्षेत्र का मनोबल उच्च स्तर पर पहुंचा है।

**भूतपूर्व सैनिकों को शासकीय नौकरियों में आरक्षण–**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा किप्रदेश में पूर्व सैनिकों के बच्चों को मेडिकल, इंजीनियरिंग, टेक्निकल एजुकेशन, लॉ सहित विभिन्न कोर्सेस में आरक्षण दिया जाता है। सभी सरकारी विभागों के ग्रुप सी एवं डी पदों पर भूतपूर्व सैनिकों को आरक्षण के साथ जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों में सहायक ग्रेड-3 स्तर पर कर्मचारियों के पदों में वृद्धि करने का निर्णय लिया गया है। शासन की योजनाओं के अंतर्गत जमीन के लिए सैनिकों को आरक्षण दिया जाता है।

# राष्ट्र निर्माण में हमारी गुलामी मानसिकता ही सबसे बड़ी बाधक है-तिवारी

## भीमाशंकर महादेव मंदिर पर राष्ट्र व सनातन पर तथ्यपरक विमर्श का आयोजन 'आत्मबोध' सम्पन्न

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जो राष्ट्र, जो सनातन संस्कृति विश्वगुरु रही हो। जिसका डंका पूरी दुनिया में बजता हो, वह आज बहुत ही विचारणीय स्थिति में पहुंच गई है। इसका एकमेव कारण हमारी गुलामी मानसिकता है। कहने को तो हम एक हजार वर्ष की परतंत्रता के पश्चात 75 वर्ष पूर्व 1947में हम राजनैतिक रूप से स्वतंत्र अवश्य हो गए किंतु मानसिक रूप से हम अभी भी गुलाम ही हैं।

उक्त विचार वरिष्ठ समाजसेवी मदनलाल तिवारी ने व्यक्त किए। वे बड़ी होली, किला रोड स्थित प्राचीन श्री भीमाशंकर महादेव मंदिर पर राष्ट्र व सनातन जागरण अभियान के अंतर्गत अनुराग संस्था व ब्रह्म परिषद के संयुक्त आयोजन 'आत्मबोध' में 'गुलामी मानसिकता ही हमारी दुश्मन' विषय पर अपने विचार रख रहे थे। विषय को विस्तार देते हुए श्री तिवारी ने कहा कि राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्ति के 75 वर्ष के बाद भी हम मानसिक रूप से स्वतंत्र नहीं हो पाए हैं और इसी कारण से राष्ट्र व सनातन संस्कृति पर देश के अन्दर व बाहर दोनों तरफ से आक्रमण हो रहे हैं। आज हमारे राष्ट्र व सनातन संस्कृति के गौरवशाली इतिहास के बारे में जानकारी विद्यालयों, सभी प्रचार प्रसार माध्यमों, व्याख्यान, छोटी छोटी परिचर्चाओं, प्रवचन, आदि के माध्यम से घर घर पहुंचाने की आवश्यकता है ताकि देश का प्रत्येक नागरिक गुलामी मानसिकता से बाहर निकलकर अपने राष्ट्र व सनातन संस्कृति पर गर्व कर उसके उत्थान में अधिक योगदान दे सके ताकि भारतवर्ष एवं हमारी महान सनातन संस्कृति एक बार फिर 'विश्वगुरु' बन सके।

जब कोई व्यक्ति गुलाम होता है तो वह हर समय एक अदृश्य डर से अभिशप्त रहता है। वह अपनी स्वतंत्र सोच खो चुका होता है। वह केवल और केवल आदेश का पालन करने के लिए बाध्य होता है। उसकी अपनी सोच होती ही नहीं है। और यदि होती भी है तो उसका दमन कर दिया जाता है। फिर हम तो एक हजार वर्ष तक गुलाम रहे हैं इसलिए गुलामी मानसिकता हमारे रग - रग में घुस गई है। परिचर्चा में अपने विचार रखते हुए श्रीमती संध्या पंचारिया ने कहा कि गुलाम मानसिकता के कारण हम अपने गौरव के प्रतीकों को ही भूल गए हैं। हम हमारी महान विभूतियों पर गर्व कर उनसे प्रेरणा लेने के स्थान पर हीन भावना के शिकार हो गए हैं। भारतवर्ष को एक बार पुन: विश्वगुरु बनने के लिए हमें महान चाणक्य, आदि शंकराचार्य, विवेकानंद, कबीर, वीर सावरकर, भगतसिंह, चंद्रशेखर आजाद, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी महाराज आदि महापुरुषों का अनुसरण करना होगा। वर्तमान में हमारी गुलामी मानसिकता का सबसे बड़ा प्रमाण यह है कि हम बिना आकलन किए, बिना सोचे - विचारे भेड़ चाल चले जा रहे हैं। हमारा आत्म स्वाभिमान मर चुका है। इसी कारण से राष्ट्र व सनातन पर प्रहार बढ़ता जा रहा है। राष्ट्र व सनातन की रक्षा के लिए हमें हमारा आत्म स्वाभिमान जगाना ही होगा। इसके अतिरिक्त हमारे पास कोई मार्ग नहीं है। परिचर्चा का संचालन गोपालकृष्ण पंचारिया ने किया।



# जनता की मांग पूरी करो मंदसौर को संभाग बनाओ

## पोस्टकार्ड अभियान में सकल वाल्मीकि समाज, नीमा समाज, आर्य समाज और एम आर यूनियन बने सहभागी

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** संभाग बनाओ आंदोलन के अंतर्गत मंदसौर नागरिक मंच के तत्वावधान में गांधी चौराहा पर प्रतिदिन चल रहे मुख्यमंत्री के नाम पोस्टकार्ड लिखो अभियान में रविवार 19 वें दिन सकल वाल्मीकि समाज नीमा समाज, मेडिकल रिप्रेजेंटेटिव यूनियन और आर्य समाज के प्रतिनिधि शामिल हुए।

सकल वाल्मीकि समाज के अध्यक्ष राजाराम तंवर ने कहा कि मंदसौर नीमच जिलों के गांवों और कस्बों को संभागीय कार्य के लिए उज्जैन तक जाने में बहुत सी व्यावहारिक कठिनाइयां आती है समय और द्रव्य का भी अधिक व्यय होता है इसलिए हर दृष्टि से मंदसौर को संभाग बनाया जाना उचित होगा। पटेल मुकेश चनाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव को मंदसौर क्षेत्र की जनता की भावना को ध्यान में रखते हुए तत्काल मंदसौर को संभाग बनाने की घोषणा करना चाहिए। नीमा समाज के श्री मनोहर कंठाली ने कहा कि मंदसौर का पूरा हक है कि इस संभाग बनाया जाए जनप्रतिनिधियों और जनता को मिलकर इस आंदोलन को और प्रखरता देनी चाहिए ताकि शासन जल्द से जल्द मंदसौर को संभाग बनाए। आर्य समाज के प्रतिनिधि श्री वीरेंद्र कुमार आर्य ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाना समय की आवश्यकता है प्रशासनिक सुविधा और आम जनों के हित को देखते हुए मंदसौर को संभाग बनाया जाना अत्यंत आवश्यक है। एम आर यूनियन के अध्यक्ष दिनेश चंदवानी ने कहा कि हमारी यूनियन के भी सभी सदस्य इस आंदोलन का समर्थन करते हैं और मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से पुरजोर मांग करते हैं कि वह मंदसौर को संभाग बनाएं। शिक्षक शैलेंद्र आचार्य ने कहा कि मंदसौर को संभाग बनाए जाने से प्रत्येक वर्ग को इसका लाभ होगा मंदसौर की प्रगति होगी रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। पोस्टकार्ड अभियान के 19 में दिन सकल वाल्मीकि समाज के सर्वश्री राजाराम तंवर, पटेल मुकेश चनाल चेतन गनछेड, मंगल कोटियाना, विनोद खेरालिया पवन दलोर, जगदीश कोड़ावत सतीश खेरालिया भेरूलाल बारवासिया महेंद्र तंवर विनोद छापरी, थानसिंह घावरी मनोहर पथरोड विजेंद्र चनाल, मुकेश हंस अर्जुन कोडावत शैलेंद्र डागर रंजीत कल्याण, दिलीप बगड़िया, आनंद तंवर, नीमा समाज से निलेश दोषी यशदीप नीमा, राजेंद्र रेखा नीमा, भव्य नीमा, श्वेता दोषी, ऋतिक दोषी, प्रेमलता कंठाली, मनोहर कंठाली, आर्य समाज से वीरेंद्र आर्य, रविंद्र शर्मा, दयानंद आर्य, डालूराम लिलोरिया, राजेश पालीवाल, सुनील गुप्ता, मधुसूदन आर्य, महेश चंद्र शर्मा, सूर्य प्रकाश गुप्ता, सुधा शर्मा एम आए यूनियन के दिनेश चंदवानी हेमंत चंदेल, रवि पंचारिया, महेश धनोतिया, धर्मेंद्र सिंह, मानवेंद्र सिंह, महेंद्र राणा, आकाश प्रतिभा आदि सम्मिलित हुए। पोस्टकार्ड अभियान में प्रतिदिन सेवा देने वाले अजीज उल्ला खान खालिद, राधेश्याम मालवीय, श्रीमती सीमा चौरडिया व बंसीलाल टॉक ने अपनी नियमित सेवाएं दी। यह जानकारी कार्यालय प्रभारी प्रदीप भाटी ने दी है।

# बड़ी संख्या में बच्चे, बुजुर्ग, महिलाएं बीमारियों से पीड़ित

## कांग्रेस नेता शर्मा की सूचना के बाद कांचरिया चंद्रावत पहुंची स्वास्थ विभाग की टीम

**मल्हारगढ़, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** तहसील के गांव काचरिया चन्द्रावत में विगत लगभग 15 दिनों से कई बचे, बुजुर्ग, महिलाएं हाथ पैरों में दर्द व सूजन के साथ ही घुटना दर्द से पीड़ित है। मंडलम अध्यक्ष गांव के दिनेश गुप्ता ने शनिवार को गांव में चल रही बीमारी से मल्हारगढ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा को अवगत करवाया। शर्मा रविवार को प्रात: 8 बजे काचरिया चन्द्रावत पहंचे व बीमार व्यक्तियों से चर्चा की पीड़िता दुर्गा बाई(30) पति दिनेश ने बताया कि 2 दिन पहले मुझे बुखार आया और घुटने में तेज दर्द हुवा आज स्थिति यह है कि में बिस्तर से उठ भी नही पारही हु, केशव (8) वर्ष पिता वरदीचंद ने बताया कि मुझे आठ दिन से बुखार व घुटनो में दर्द है चलते भी नही बन रहा है। इसी प्रकार कलाबाई, यशोदा बाई, भुवानी राम, कैलाशी, कंचन बाई, धन्नीबाई, गीता बाई, अंगुरबाल, ईश्वरलाल, प्रीमेश, श्याम लाल, माया, कोमल, सपना, संगीतामोहम्मद हुसैन, शमीम बी सहित कई बीमार व्यक्तियों के घर घर जाकर उनके स्वास्थ की जानकारी ली।

**अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार, बीएमओ को दी जानकारी**–काचरिया चन्द्रावत पहुंचे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने बड़ी संख्या में बीमार व्यक्तियों की सूचना अनुविभागीय अधिकारी श्री रविन्द्र जी परमार, तहसीलदार श्री ब्रिजेश जी मालवीय, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर श्री जितेंद्र जी पाटीदार को देकर स्वास्थ विभाग की टीम को काचरिया चन्द्रावत भेजने का अनुरोध किया। इस पर से डॉ श्री रविराज जी नरवरिया, प्रभुलाल जी



रत्नावत, विजेश जी पाटीदार एएनएम व आंगनबाड़ी आशा कार्यकर्ता के साथ काचरिया चन्द्रावत पहुंचे व बीमार व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक गोली दवाइयां दी।

**इन्हें करा मन्दसौर रेफर**–दुर्गा बाई, बुलबुल, रवि को स्वास्थ्य परीक्षण के बाद जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जिन्हें एम्बुलेंस से जिला चिकित्सालय मन्दसौर भेजा गया।

**गांव में करवाया अनाउंसमेंट**–स्वास्थ विभाग की टीम काचरिया चन्द्रावत पहुंची तो जागरूक मंडलम अध्यक्ष कांग्रेस नेता दिनेश गुप्ता ने बीमार व्यक्तियों केईलाज को लेकर लाउडस्पीकर से गांव में अनाउंसमेंट करवाया की स्वास्थ्य परीक्षण के लिए पीड़ित व्यक्ति पुराने ग्रामपंचायत भवन पहुंचे। दोपहर 2 बजे तक 70 बीमार व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें समझाइश व आवश्यक गोली, दवाइयां दीगई।

**सामुदायिक स्वाथ्य केंद्र खुद बीमार, स्वास्थ सेवाएं चौपट**–ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा, मंडलम अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने कहा कि पिपलिया सामुदायिक स्वास्थ केंद्र खुद बीमार है क्षेत्र में स्वास्थ सेवाएं चौपट होचुकी है, यहां स्टाफ की काफी कमी है व आवश्यक गोली दवाइयां भी काफी कम ही उपलब्ध है जबकि इस केंद्र पर 50 गांव लगते है। शर्मा व गुप्ता ने यह भी मांग कि है कि यहां डेंगू के साथ ही अन्य बीमारियों की जांच की व्यवस्था भी होना चाहिये ताकि बीमार व्यक्तियों को मन्दसौर महंगी जांचे कराने से मुक्ति मिल सके। इस मौके पर बंशीलाल पाटीदार पटेल साहब, जिला कांग्रेस के सचिव किशनलाल चौहान, अनिल मुलासिया, भेरूलाल पप्पू गुर्जर, ईश्वर लाल पाटीदार, कन्हैयालाल धनगर, रियाज मंसूरी, राजू महिवाल, नाथूलाल पाटीदार आदि मौजूद थे।



# खाद्य सुरक्षा टीम ने सिंगोली में 6 खाद्य पदार्थों के नमूने लिये

**नीमच, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा के निर्देशानुसार रविवार को खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री यशवंत कुमार शर्मा ने सिंगोली में कार्यवाही करते हुए सांवरिया मिष्ठान भंडार कोटा रोड सिंगोली से एक नमूना मावा बर्फी लूज, जोधपुर स्वीट होम तिलस्वां चौराहा सिंगोली से एक गुलाब जामुन लूज, नामा रेस्टोरेंट तिलस्वां चौराहा सिंगोली से एक नमूना मावा बर्फी लूज, सांवरिया दूध डेयरी एंड मिष्ठान पुराना बस स्टैंड सिंगोली से एक मावा लूज, न्यू जोधपुर मिष्ठान भंडार सिंगोली से एक नमूना मावा बर्फी एवं फर्म विनोद कुमार कमलेश कुमार तिलस्वां रोड सिंगोली से एक नमूना सुयोग गोल्ड रिफाइंड सोयाबीन ऑयल पैक के इस प्रकार कुल 6 नमूने जांच हेतु लिये गए जिनको जांच हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला भोपाल को भेजा जाएंगा। जांच रिपोर्टें प्राप्त होने पर नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।, दीपावली के त्यौहार को देखते हुए इस तरह की कार्यवाही निरंतर जारी रहेगी।



# नगर की ट्राफिक व्यवस्था तो चौपट और बायपास पर वाहन चालकों को कर रहे परेशान

**मल्हारगढ़, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मन्दसौर की ट्राफिक व्यवस्था लगातार चौपट होती जा रही है ट्राफिक पुलिस नगर में ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के बजाय सुबह से शाम तक बायपास मेडिकल कालेज के यहां खड़ी होकर दुपहिया एवं कार वालो को अनावश्यक रूप से परेशान कर उनका समय व्यर्थ में बर्बाद कर रही है। उक्त आरोप मल्हारगढ़ ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनिल शर्मा ने लगाते हुए बताया कि मन्दसौर में कई स्थान ऐसे है जहा मन माने तरीके से वाहन खड़े कर दिए जाते है और ट्राफिक जाम जैसी स्थिति निर्मित हो जाती है वहा ट्राफिक पुलिस दूर दूर तक कहि नजर नही आती लेकिन हां बायपास पर प्रतिदिन यह वाहन चालकों को परेशान करते व छोटी छोटी कमियों व बीमार व्यक्तियों को ईलाज के लिए ले जा रहे वाहनों को भी रोक कर चालान काटते व जैसे तैसे इनका समय बर्बाद करके छोड़ देते है। शर्मा ने पुलिस अधीक्षक को पत्र लिख कर मांग करी है कि ट्राफिक पुलिस पहले नगर की व्यवस्था को सुधारें।

# जीएसटी पर 5 लाख तक के बीमा पर छूट संभव

## तेरह प्रति. तक जीएसटी घटाने की सिफारिश, पानी बोतल व साइकिल पर भी टैक्स होगा कम

**नई दिल्ली, 20 अक्टूबर।** सरकार साइकिल, 20 लीटर पीने के पानी की बोतल और बच्चों की एक्सरसाइज नोटबुक पर लगने वाले गुडएंड सर्विसेज टैक्स (जीएसटी) में कटौती करने पर विचार कर रही है। वहीं, हाथ की घड़ी और जूतों पर 10 प्रतिशत टैक्स बढ़ाने की प्लानिंग है। 19 अक्टूबर को जीएसटी स्ट्रक्चर को आसान बनाने के लिए गठित मंत्रियों के ग्रुप की बैठक हुई, जिसमें इन पर चर्चा की गई। बैठक के बाद इन पांच प्रोडक्टस पर टैक्स में बदलाव करने के सुझाव पेश किए गए। ग्रुप आफ मिनिस्टर ने सावधि जीवन बीमा प्रीमियम और वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य बीमा पर त्रस्ञ्ज से छूट के संकेत भी दिए हैं। सिफारिशों पर अंतिम फैसला जीएसटी परिषद लेगा 13 सदस्यीय मंत्रिसमूह के संयोजक और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा, मंत्रिसमूह का हर सदस्य लोगों को राहत देना चाहता है। वरिष्ठनागरिकों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हम परिषद को एक रिपोर्ट सौंपेंगे। अंतिम निर्णय परिषद द्वारा लिया जाएगा। बता दें कि मंत्रिसमूह में उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, केरल, आंध्र प्रदेश, गोवा, गुजरात, मेघालय, पंजाब, तमिलनाडु और तेलंगाना के मंत्री शामिल हैं। मंत्रिसमूह को अक्टूबर के अंत तक परिषद को अपनी रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया गया था पानी की बोतल पर 13 प्रतिशत जीएसटी घटेगा साइकिल: 10,000 रुपए से ज्यादा कीमत वाली साइकिल पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का सुझाव। पानी की बोतल: 20 लीटर की पानी की बोतल पर जीएसटी 18 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत करने का सुझाव। एक्सरसाइज नोटबुक: बच्चों के लिए एक्सरसाइज नोटबुक पर जीएसटी 12 प्रतिशत से घटाकर 5त्न करने का सुझाव। रिस्ट वॉच: 25,000 रुपए से ज्यादा कीमत वाली हाथ में पहनने वाली घड़ी पर जीएसटी 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने का सुझाव। जूते- 15,000 रुपए से ज्यादा कीमत वाले जूतों पर त्रस्ञ्ज 18त्न से बढ़ाकर 28त्न करने का सुझाव। 5 लाख से ऊपर के बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी जारी जीएसटी की बैठक में वरिष्ठनागरिकों के अलावा अन्य के लिए 5 लाख रुपए तक के स्वास्थ्य बीमा के लिए भुगतान किए जाने वाले प्रीमियम पर त्रस्ञ्ज से छूट देने का निर्णय लिया गया। 5 लाख से अधिक के स्वास्थ्य बीमा कवरेज के लिए भुगतान किए गए प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता रहेगा। अभी सावधि पॉलिसी व फैमिली फ्लोटर के लिए बीमा प्रीमियम पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगता है। जीएसटी परिषद ने पिछले महीने अपनी बैठक में स्वास्थ्य और जीवन बीमा प्रीमियम पर टैक्स के बारे में निर्णय लेने के लिए 13 सदस्यीय मंत्री समूह गठित किया था। सम्राट चौधरी मंत्री समूह के संयोजक हैं। 12 प्रतिशत टैक्स स्लैब वाली वस्तुओं की दरों की समीक्षा बैठक में 12 प्रतिशत टैक्स स्लैब वाली वस्तुओं की दरों में बदलाव पर समीक्षा की गई, जिसमें 100 से अधिक वस्तुएं शामिल हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, ग्रुप ऑफ मिनिस्टर्स जीएसटी में सिर्फ तीन स्लैब का सुझाव दे चुका है। इनमें 5 प्रतिशत, 18 प्रतिशत और 28 प्रतिशत शामिल है। ऐसे में 12 प्रतिशत स्लैब को धीरे-धीरे समाप्त करने पर विचार किया जा रहा है। 1 नवंबर 2023 को गठित हुआ मंत्रियों का यह ग्रुप इस महीने के अंत तक अपनी सिफारिशें जीएसटी काउंसिल के सामने पेश कर सकता है। इसके बाद जीएसटी काउंसिल नवंबर में होने वाली बैठक में इन सिफारिशों पर विचार कर सकती है।

# बंगाल की खाड़ी में उठ रहा दाना तूफान, बारिश बढ़ाएगी आफत

**नई दिल्ली, 20 अक्टूबर।** देश में एक तरफ धीरे-धीरे ठंड बढ़ने लगी तो दूसरी तरफ बारिश का भी सिलसिला जारी है। एक बार फिर भयंकर तूफान आ रहा है, जिससे समुद्री तटों पर तेज हवाएं चलेंगी और फिर जमकर बादल बरसेंगे। इसे लेकर सरकार ने जिला प्रशासन को आपदा से निपटने की तैयारी करने के निर्देश दिए हैं।

पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी और उससे सटे उत्तरी अंडमान सागर पर अगले 24 घंटों के दौरान लो प्रेशर एरिया बनने की संभावना है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने एवं 22 अक्टूबर की सुबह तक प्रेशर एरिया में बदलने और 23 अक्टूबर तक पूर्वी मध्य बंगाल की खाड़ी पर एक चक्रवाती तूफान में बदलने की बहुत संभावना है। बंगाल की खाड़ी से उठने वाला चक्रवाती तूफान का नाम दाना है। इसके बाद चक्रवाती तूफान के उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ने और 24 अक्टूबर की सुबह तक ओडिशा-पश्चिम बंगाल के तटों से दूर उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी तक पहुंचने के आसार हैं। उत्तरी तमिलनाडु और दक्षिणी आंध्र प्रदेश तट से लगे दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर साइक्लोनिक सर्कुलेशन मध्य क्षोभमंडल स्तर तक फैल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, अंडमान सागर में 21 अक्टूबर तक 35-45 से 55 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से हवा चलने की संभावना है। पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी में 21 अक्टूबर को 40-50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की स्पीड से हवाएं चलेंगी।

### सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, एक्स-मेन, गनमेन, फायरमेन के पद पर...

# सीधी भर्ती के लिए विकासखण्ड स्तरीय कैंप आयोजित

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** जिला पंचायत के सहयोग व जनपद पंचायत के माध्यम से व भारत सरकार पसार एक्ट 2005 के तहत एवं आर एस सिक्योरिटी जयपुर के संयुक्त तत्व दान में जिला मंदसौर के शिक्षित बेरोजगार युवाओं को रोजगार प्रदान करने हेतु सीधी भर्ती शिविर का आयोजन आरएस सिक्योरिटी द्वारा मंदसौर में एक दिवसीय सीधी भर्ती शिविर में सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, एक्स-मैन, गनमैन, फायरमैन के पद पर भर्ती शिविर आयोजन किया जा रहा है। जिसमें 22 अक्टूबर को जनपद पंचायत गरोठ, 23 अक्टूबर को जनपद पंचायत सीतामऊ एवं 24 अक्टूबर को जनपद पंचायत मंदसौर में आयोजन किया जायेगा। सीधी भर्तीशिविर का आयोजन प्रात: 11:00 बजे से शाम4:00 बजे तक डॉक्यूमेंट व फिजिकल आधार पर किया जाएगा। जिसमें भाग लेने वाले अभ्यर्थी की योग्यता दसवीं पास, उम्र 21 से 40 वर्ष, ऊंचाई 5 फुट 6 इंच, फिजिकली फिट होने के आधार पर चयन किया जाएगा। सीधी भर्ती में भाग लेने वाले अभ्यर्थी को अपने साथ दसवीं पास अंक तालिका, आधार कार्ड की छाया प्रति, एक पासपोर्ट साइज फोटो अन्य योग्यता वाले दस्तावेज साथ में लेकर आवें। चयनित अभ्यर्थी को इंटरव्यू सिलेक्शन के आधार पर औद्योगिक संस्थानों में सुरक्षा के क्षेत्र में सिक्योरिटी गार्ड, सिक्योरिटी सुपरवाइजर, आदि में योग्यता अनुसार नौकरी प्रदान की जाएगी। जिनको नौकरी के दौरान मिलने वाली सुविधाएं पीएफ, ईएसआईसी, मेडिकल सुविधा, प्रमोशन, वेतन वर्दी ड्यूटी के दौरान रहने वह खाने की सुविधा यूनिट के आधार पर दी जाएगी।

# फूलमाली समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन अक्षय तृतीया को

**नीमच, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** फूलमाली समाज चौखरा पंचायत के सकल पंच की बैठक मंगलवार को प्रात: ग्राम बरूखेड़ा में स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रखी गई, जिसमें सकल पंचायत के वरिष्ठपदाधिकारी की उपस्थिति में समाज का 17 वां सामूहिक विवाह सम्मेलन इस बार आगामी अक्षय तृतीया को ग्राम बरूखेड़ा में आयोजित करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया। निर्णय लेने के बाद सम्मेलन की तैयारी पर विचार विमर्श किया गया और उपस्थित समाज जन को विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि फूलमाली समाज चौखरा पंचायत के वरिष्ठ कचरमल राठौर, नंदलाल उणियारा, गोवर्धन दायमा, नंद किशोर पटेल, पूर्व अध्यक्ष भूपेंद्र महावर, चौखरा पंचायत के अध्यक्ष मुकेश जाधव, श्री सांवलिया सेठ मंदिर समिति नीमच सिटी के अध्यक्ष घनश्याम महावर, सुनील देवरिया, रामलाल राठौर, घीसालाल उणियारा, देवानंद उणियारा सहित अन्य गणमान्य जन उपस्थित हुए। आयोजित बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई, साथ ही



फूलमाली समाज का 17 वा सामूहिक विवाह सम्मेलन आगामी अक्षय तृतीया को ग्राम बरूखेड़ा में आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बरूखेड़ा में यह चतुर्थ सम्मेलन होगा। सम्मेलन की तैयारी पर विचार विमर्श करते हुए उपस्थित समाज जन को विभिन्न जिम्मेदारियां दी गई। सम्मेलन में सम्मिलित होने वाले वर-वधु पक्ष से आठ-आठ हजार रुपए की राशि पंजीयन के रूप में लेना निर्धारित की गई।

फूल माली समाज चौखरा पंचायत सामूहिक विवाह समिति के अध्यक्ष बालमुकुंद पटेल व कोषाध्यक्ष मांगीलाल डोड (माली) ने बताया कि ग्राम बरूखेड़ा में आयोजित होने वाला यह सामूहिक विवाह सम्मेलन फूलमाली समाज चौखरा पंचायत के वरिष्ठपदाधिकारी के दिशा निर्देशन में भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा, जिसकी तैयारियां विवाह समिति द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। बैठक के दौरान उपस्थित हुए समाज के वरिष्ठ जन का बरूखेड़ा समाज जन द्वारा पुष्प माला से स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर फूलमाली समाज के कारूलाल गौड, मांगीलाल कच्छावा, शंकर लाल गोला, कैलाश महावर, बंसीलाल महावर, रामचंद्र देवड़ा, गोवर्धन दहिया, कैलाश सरपंच, कन्हैयालाल महावर, भवानी शंकर धनोतिया, ओंकारलाल मोरी, हरीश वालोरिया, गोविंद रावलिया, फूलचंद्र रावल, किशोर विदवा, रमेश हामरिया, कंवरलाल टाक, सोहनलाल मोडी, बंटी सोलंकी, हरिलाल भियाणा, बद्रीलाल रावलिया माधव लाल रावलिया, अशोक रावलिया, घनश्याम सोलंकी, किशोर सोलंकी सहित अन्य समाजजन उपस्थित थे। उक्त जानकारी विवाह समिति के उपाध्यक्ष जयचंद सोलंकी व सचिव गणपत कुंजड़िया ने दी।

# दीपावली जैसे महापर्व पर भी शहर की जर्जर सड़कों पर धूल के गुबार उठ रहे–यादव

**नीमच, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** शहर की नगर पालिका परिषद में जब से भाजपा की नपा अध्यक्ष काबिज हुई है, तब से शहर में सरकारी जमीनों की बंदरबाट का खेल जोरों से जारी है। आए दिन नए-नए मामले सामने आ रहे हैं। जिसमें भूमाफिया नगर पालिका अध्यक्ष से साठ गाँठ कर नपा के अधिपत्य की जमीनों को निपटाने में लगे हुए हैं। एक और जहां नपा अध्यक्ष अपने आप को ईमानदार होने का ढिंढोरा पीट रही है वहीं ऐसे मामले उनके बयानों को झूठा साबित कर रहे हैं। उक्त आरोप लगाते हुए कांग्रेस सेवादल जिला नीमच के अध्यक्ष गजेंद्र यादव (ठेकेदार) ने कहा कि नीमच नगर पालिका परिषद में भाजपा के पूर्ण बहुमत की परिषद काबिज है। जब एक ही संगठन की सत्ता नीचे से ऊपर तक है तो फिर शहर का विकास क्यों अटका पड़ा है। कई मामलों में नीमच नगर पालिका परिषद दिन प्रतिदिन पिछड़ती जा रही है। पार्षद और नगर पालिका अध्यक्ष सरकारी जमीनों की बंदरबाट कर अपनी जेब भरने में लगे हुए हैं।

श्री यादव ने आरोप लगाते हुए कहा कि अभी कुछ दिन पूर्व हुए नपा के सम्मेलन में भी एक ऐसा प्रस्ताव पारित किया गया, जिसमें कुछ महिलाओं की समिति को आवास बनाने हेतु जमीन आवंटित करने की बात कही गई। जानकारी में पता चला है कि इस महिला समिति में एक भी महिला गरीब परिवार की नहीं है। पूरी तरह से फर्जी वाडा कर भाजपा के नेताओं द्वारा यह जमीन घोटाला किया जा रहा है। जिसकी चर्चा पूरे शहर में जोरों से चल रही है। परिषद सम्मेलन से पहले भी इस तरह का मामला गरमाया था, लेकिन उसके बाद भी नपा अध्यक्ष ने कोई ध्यान न देते हुए बहुमत के साथ इस प्रस्ताव को पारित कर दिया। इससे पूर्व भी शहर के बंगला बगीचा क्षेत्र में इस तरह की जमीनों को निपटने का खेल नगर पालिका परिषद द्वारा खेला गया। श्री यादव ने कहा कि सुनने में आ रहा है कि शीघ्र ही आगामी परिषद सम्मेलनों में भी ऐसे और प्रस्ताव लाने की तैयारी नपाध्यक्ष द्वारा की जा रही है। कुल मिलाकर जमीनों की बंदर बाट करने के चक्कर में नपा अध्यक्ष शहर के विकास को पूरी तरह से भूल चुकी है। आज शहर में तमाम समस्याओं का अंबार लग गया है। सड़के जर्जर पड़ी है, साफ-सफाई का अभाव बना हुआ है वहीं अन्य विकास कार्य तो मानो पूरी तरह से अटक गए हैं। इसी के साथ नपा कार्यालय में भी भ्रष्टाचार चरम पर चल रहा है। जो नगरपालिका के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों को दिखाई नहीं दे रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि किसी व्यक्ति विशेष को फर्जी समिति के नाम पर जमीन देने की बजाय नपा परिषद को यही जमीन हाउसिंग बोर्ड को देना चाहिए जिससे वह उस जमीन पर मकान बनाकर गरीब एवं जरूरतमंद लोगों को आवंटित करें। क्योंकि नीमच में विगत कई वर्षों से इस तरह की आवासीय योजना पर काम नहीं हो पाया है। वाजिब दाम में मकान नहीं मिलने के चलते आज शहर में हजारों परिवार यहां वहा किराए के घरों में घूम रहे हैं। श्री यादव ने कहा कि अगर शीघ्र ही नगर पालिका परिषद नीमच के हालात नहीं सुधरे, तो कांग्रेस सेवादल जिला नीमच शहर वासियों के हित में बड़ा आंदोलन करेगा।

# मप्र के पुलिस थानों में हर स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का आदेश

**जबलपुर, 20 अक्टूबर।** मध्य प्रदेश हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति गुरपाल सिंह अहलूवालिया की एकलपीठ ने प्रदेश के सभी पुलिस थानों के प्रत्येक कमरे में ऑडियो सुविधा के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का महत्वपूर्ण आदेश पारित किया है। हाई कोर्ट ने साफ किया कि आदेश तिथि से तीन माह की अवधि के भीतर पुलिस स्टेशनों के भीतर हर कमरे और हर स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएं।

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिए हैं कि वह राज्य के सभी पुलिस अधीक्षकों से अनुपालन की रिपोर्ट भी प्राप्त करें कि उनके जिले में स्थित पुलिस स्टेशनों के भीतर कोई कमरा या स्थान ब्लैक स्पाट यानि सीसीटीवी कैमरा के बिना नहीं है। हाई कोर्ट ने चेतावनी दी है कि इस मामले में किसी भी तरह की चूक पर संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक और संबंधित पुलिस स्टेशन के एसएचओ के विरुद्ध न्यायालय की अवमानना के लिए कार्रवाई की जाएगी। हाई कोर्ट ने इस निर्देश के साथ तल्ख टिप्पणी में नाराजगी जताते हुए कहा है कि पूर्व में ग्वालियर के पुलिस अधीक्षक को दिए निर्देश का ठीक से पालन न होना चिंताजनक है। लिहाजा, प्रत्येक पुलिस अधीक्षक से अनुपालन की रिपोर्ट आज से एक महीने की अवधि के भीतर उन्हें प्राप्त हो जाए और उसके बाद, संबंधित पुलिस स्टेशन में स्थित हर कमरे सहित हर स्थान को उसके बाद से दो महीने की अवधि के भीतर सीसीटीवी कैमरे के कवरेज क्षेत्र में लाया जाए।

**प्रदेश के सभी थानों को निर्देश–** हाई कोर्ट ने पुलिस महानिदेशक को निर्देश दिया है कि वह मध्य प्रदेश राज्य के सभी पुलिस थानों में प्रत्येक स्थान पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के संबंध में अपनी रिपोर्ट 18 फरवरी, 2025 तक प्रस्तुत करें। यदि रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की जाती है तो इस न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल इस संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही अदालत की अवमानना के लिए एक अलग मामला दर्ज किया जाएगा।

**इसलिए हाई कोर्ट ने दिया आदेश–** हाई कोर्ट ने जिस याचिका पर यह आदेश पारित किया है, वह अनूपपुर निवासी अखिलेश पांडे ने दायर की। याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि वह एक कंपनी का मैनेजर है। अनूपपुर के भालूमाडा थाने की पुलिस उससे पांच हजार रिश्वत मांग रही थी। राशि न देने पर फर्जी अपराध दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया। थाने में मारपीट की गई। एक पुलिस कर्मी ने स्वयं अपनी वर्दी फाड़ी और दोष याचिकाकर्ता पर मढ़ दिया। सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद सारा माजारा हाई कोर्ट के सामने स्पष्ट हो गया। इसे गंभीरता से लेकर आरोपित पुलिस कर्मियों पर एक लाख 20 हजार का जुर्माना लगा दिया गया। यह राशि याचिकाकर्ता को मिलेगी। यही नहीं, घटना के दिन तैनात टीआई सहित समूचे स्टाफ को 900 किलोमीटर दूर स्थानांतरित करने का भी सख्त आदेश दिया गया।



# दीपावली कब मनाएं.. अधिकांश विद्वजनों ने 31 अक्टूबर को दीपावली मनाने का अभिमत दिया

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दीपावली का त्यौहार कब मनाया जाए ? विभिन्न पंचांगों और मत मतांतर के चलते 31 अक्टूबर और 1 नवंबर इन दो दिनों में दीपावली पर्व को मनाने की चर्चाएं चल रही है ऐसे में आम जनमानस में यह उत्सुकता और जिज्ञासा है कि दीपावली का पर्व 31 अक्टूबर को मनाया जाए या 1 नवंबर को।

इसी विषय को दृष्टिगत रखते हुए श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर परिसर के सत्संग सभागार में शनिवार को नगर के धर्माचार्य विद्वानों ज्योतिष और कर्मकांड के आचार्यों की एक विद्वत गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में 12 विद्वान सम्मिलित हुए। इनमें 9 विद्वानों ने 31 अक्तूबर को और तीन विद्वानों ने 1 नवंबर को दीपावली मनाने का अभिमत प्रदान किया। पंचांगकर्ता तथा ज्योतिष और कर्मकांड के विद्वान आचार्य डॉ. देवेंद्र शास्त्री ने कहा कि इस वर्ष 31 अक्टूबर और 1 नवंबर दोनों ही दिन अमावस्या प्रदोष काल में ही आ रही है किंतु एक दिन पूर्व 31 अक्टूबर को अमावस्या संपूर्ण प्रदोष काल में आती है और 1 नवंबर को अल्पकाल के लिए इसलिए धर्म शास्त्रों के धर्म सिंधु व निर्णय सिंधु ग्रंथों के अनुसार पूर्व काल की अमावस्या यानी 31 अक्टूबर को संपूर्ण प्रदोष काल में अमावस्या है अत: 31 अक्टूबर को दीपावली पर्व और महालक्ष्मी जी की पूजन करना शास्त्र सम्मत होगा। श्री पशुपतिनाथ संस्कृत पाठशाला के आचार्य पंडित विष्णु ज्ञानी ने कहा कि यह विषय पंचांग कर्ताओं और ज्योतिषियों का है अत: यह निर्णय वे करेंगे तो ही ज्यादा उचित होगा और सर्वमान्य होगा।

विद्वत गोष्ठी में उपस्थित पं. जगदीश लाड़, पं. दिलीप दुबे, पं. संदीप उपाध्याय, पं. भानुप्रताप, पं. राकेश भट्ट, पं. रामेश्वर शर्मा, पं. भूपेंद्र शर्मा ने भी 31 अक्टूबर को ही दीपावली पर्व मनाया जाने पर अपना अभिमत व्यक्त किया। विद्वत गोष्ठी में उपस्थित पंचांगकर्ता व ज्योतिष पं. गोपाल प्रसाद द्विवेदी, पं. गोपाल पंचारिया और पं. शैलेंद्र उपाध्याय ने 1 नवंबर को दीपावली पर्व और लक्ष्मी पूजा किए जाने पर अपना मत व्यक्त किया। इस अवसर पर नगर के वरिष्ठ समाजसेवी गुरुचरण बग्गा, सेवानिवृत न्यायाधीश रघुवीरसिंह चुंडावत, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. घनश्याम बटवाल, समाजसेवी नरेंद्र अग्रवाल, उमेश पारीख, नरेंद्र कुमार त्रिवेदी, श्री तलाई वाले बालाजी मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष पं. धीरेंद्र त्रिवेदी, कार्यकारी अध्यक्ष जयप्रकाश सोमानी, धन्नालाल भगत, महेश कटलाना, विश्वमोहन अग्रवाल, रवि अग्रवाल आदि उपस्थित थे। विद्वत गोष्ठी का संचालन वरिष्ठ पत्रकार ब्रजेश जोशी ने किया आभार पं. धीरेन्द्र त्रिवेदी ने माना।

# सक्रिय सदस्यता अभियान अंतर्गत सांसद सुधीर गुप्ता बने भाजपा के सक्रिय सदस्य



**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा के निर्देशानुसार मंदसौर जिले में भाजपा के कार्यकर्ताओं को सक्रिय सदस्य बनाने का अभियान विगत 16 अक्टूबर से प्रारंभ हो चुका है। 20 अक्टूबर को भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने वरिष्ठ सांसद सुधीर गुप्ता को भाजपा की सक्रिय सदस्यता दिलवाई। इस अवसर पर पूर्व विधायक एवं पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष देवीलाल धाकड़, भाजपा जिला मंत्री नरेंद्र पाटीदार, भाजपा उत्तर मंडल अध्यक्ष अरविंद सारस्वत और भाजपा नेता रमेश धाकड़ सहित अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय है कि मंदसौर जिले में सामान्य सदस्यता अभियान दो चरणों में सम्पन्न हुआ। जिसमें भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया के नेतृत्व में भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के अथक परिश्रम से जिला भाजपा ने लगभग 3.50 लाख से अधिक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन सदस्यता का लक्ष्य प्राप्त कर लिया है। जानकारी देते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष नानालाल अटोलिया ने बताया कि सामान्य सदस्यता अभियान के बाद सक्रिय सदस्यता अभियान अंतर्गत जिले के सभी 18 मंडलों में लगभग 450 से अधिक पदाधिकारीयो ने आज दिनांक 20 अक्टूबर तक सक्रिय सदस्यता प्राप्त कर ली है। आने वाले दिनों में सक्रिय सदस्यता के आंकड़े में तेजी से इजाफा होगा।

# दशपुर विद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण संपन्न

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** स्कूल शिक्षा के साथ - साथ शैक्षिक यात्रा विद्यार्थियो के सर्वांगीण विकास में सहायक है, इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए दशपुर विद्यालय मंदसौर के 60 विद्यार्थियों के एक दल ने 13 अक्तूबर से 19 अक्तूबर, 2024 तक चंडीगढ़ और मनाली क्षेत्र की शैक्षिक यात्रा का आनंद प्राप्त किया।

इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों ने चंडीगढ में रॉक गार्डन, पिंजोर गार्डन और सुखना झील आदि के प्राकृतिक सौंदर्य का लुत्फ उठाया। इस यात्रा में विद्यार्थियों ने मनाली क्षेत्र में सोलाँग वैली, शिशु स्नो पॉइंट, अटल टनल, मॉल रोड, हिडिम्बा मंदिर, घटोत्कच मंदिर, वन विहार, वशिष्ठ आश्रम, एवं कुल्लू में शाल फैक्ट्री एवं माता वैष्णो देवी मंदिर का भी भ्रमण किया एवं पहाड़ी क्षेत्र के प्राकृतिक सौंदर्य एवं एडवेंचर ऐक्टिंविटी का लुत्फ उठाया। इस शैक्षणिक यात्रा में सभी विद्यार्थियों ने गीतों एवं डी जे नाइटस के माध्यम से भरपूर आनंद लिया। शैक्षणिक यात्रा से विद्यार्थियों में स्वयं को संयमित रखना, अनुशासन ,आत्मविश्वास और सामाजिक कौशल जैसे गुणों का विकास



होता हैं। स्कूल प्रबंधन, प्राचार्य एवं सुपर वाइज़र हाकिम शर्मा के कुशल नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में स्टाफ सदस्य जय विजय सिंह सिसौदिया, आकाश गाजवा, निलेश ऐरन, प्रियंका शर्मा, त्रिशानवी सोलंकी एवं पशमीन खान के कुशल नेतृत्व में 60 विद्यार्थियों ने इस शैक्षणिक यात्रा भरपूर आनंद लिया। स्कूल टूर का सफल संचालन सोमानी टूर के अमित सोमानी एवं कपिल सोमानी द्वारा किया गया जिसमें विद्यार्थियों की सभी सुविधाओं का ध्यान रखा गया।

## अफीम काश्तकार संगठन ने अफीम नीति जल्दी घोषित करने की मांग की

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अफीम काश्तकार संगठन ने अफीम नीति को शीघ्र घोषित करने की मांग की है संगठन का कहना है कि बहुत समय हो गया है अभी तक विभाग ने नीति घोषित नहीं की है इसे लेकर किसान असमंजस में है। वहीं दूसरी ओर किसानों का कहना है कि विभाग ने अक्टूबर के प्रथम सप्ताह में अफीम घोषित करने का आश्वासन दिया था वादा पूरा नहीं किया। अफीम काश्तकार संगठन के अध्यक्ष अमृतलाल पाटीदार, किसान नेता युवा योगेंद्र जोशी, वरिष्ठ किसान नेता खूबचंद शर्मा, तुलसीराम माली भाटखेडी ने बताया कि अफीम काश्तकार लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर संघर्ष करते रहे हैं। संगठन ने विभाग और केन्द्रीय सरकार को समय समय पर किसानों की समस्याओं को लेकर अवगत कराया गया परन्तु केन्द्रीय सरकार ने किसानों की सुध नहीं ली। किसान नेताओ ने बताया कि अफीम का भाव ज्यों का त्यों है जबकि लागत मूल्य में दस गुणा की बढ़ोतरी हो गई। संगठन ने मांग की कि सीपीएस पद्धति को समाप्त कर चीरा पद्धति लागू की जाये, अफीम का भाव 10 हजार रूपये किया जावे, 1990 से आज तक काटे गये समस्त पट्टो की बहाली की जावे। अफीम काश्तकारों ने जल्दी अफीम नीति घोषित करने की मांग की हैं।

## शासकीय सेवकों को 28 तक करें वेतन भुगतान–मुख्यमंत्री

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दीपावली पर्व को दृष्टिगत रखते हुए सभी शासकीय सेवकों के एक नवम्बर को देय अक्टूबर माह का वेतन का आहरण 28 अक्टूबर की स्थिति में करने के लिए सभी विभागों को आदेशित किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया पर जारी संदेश में सभी कर्मचारियों को दीपावली पर्व की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय सेवकों को त्यौहार पूर्व वेतन का भुगतान होने से निश्चित ही दीपोत्सव अधिक आनंददायक होगा।

## डेंगू संक्रमण बचाव हेतु सलाह

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि डेंगू बुखार एक वायरल बीमारी है जो डेनवायरस द्वारा होती है, डेंगू से बचाव के लिए इस समय पूरे आस्तीन के कपड़े पहने, मच्छरदानी का उपयोग करें, मच्छरों से बचाव के लिए खिड़कियों व दरवाजों में मच्छर रोधी जाली लगवाएं। सुबह, श्याम खिड़कियां व दरवाजे बंद रखें। अपने घरों के अंदर अगर 7 दिवस से पानी भरा है तो उसे खाली करें उसका उपयोग करके बर्तन को रगड़कर साफ करें उसके बाद आवश्यकता ना हो तो उसे उल्टा करके रखें, टंकी को अच्छे से ढककर रखें जिससे मच्छर उसके अंदर प्रवेश न कर सके। पुराने फालतू कंटेनर को उल्टा कर दे, जिससे बारिश का पानी उसमें जमा ना हो सके। कूलरों को साफ करके उनको सुखा दे, अपने घरों के आसपास भरा पानी में सप्ताह में एक बार जला हुआ आयल या तेल डाल सकते हैं। मच्छरों से बचने के हर संभव प्रयास करें।

# मालवा प्रांत प्रवासी समुदाय द्वारा जोगणिया माताजी जाबाली कप क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ





**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** घुमन्तु कार्य मालवा प्रांत प्रवासी समुदाय के तत्वावधान में प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली मां जोगणिया माता जाबालि कप 2024 क्रिकेट टूर्नामेंट का आज नूतन क्रिकेट स्टेडियम में शुभारंभ हुआ।

शुभारंभ समारोह में प्रसिध्द कथा प्रवक्ता पं. भीमाशंकर शास्त्री ने अपना सानिध्य प्रदान किया। मुख्य अतिथि के रूप में राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर, विधायक हरदीपसिंह डंग, पूर्व विधायक देवीलाल धाकड़ , भाजपा जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया, विशेष अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष रमा देवी गुर्जर, जिला पुलिस अधीक्षक अभिषेक आनंद विशिष्टअतिथि मदनलाल राठौर, नरेश चंदवानी, मुकेश काला, दशरथ सिंह झाला, वरिष्ठ पत्रकार द्वय डॉ घनश्याम बटवाल,ब्रजेश जोशी, चेनराम जैन,विनोद मेहता, विनय दुबेला यशोधर्मन गुप्ता एड., बंशीलाल धनगर, पिंकेश चौरडिया, कमल कोठारी, आशीष गुप्ता,कारूलाल सोनी, अजय सोनी, गुरूचरण बग्गा, रघुवीरसिंह चुण्डावत आदि उपस्थित हुए। शुभारंभ समारोह में माँ जोगडिया माता एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्ञवलन कर शुभारंभ किया। सभी अतिथियों ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की। शुभारंभ में आयोजन के सूत्रधार रविप्रताप सिंह बुंदेला ने स्वागत उद्बबोधन दिया। सभी अतिथियों का स्वागत मोती की माला पहनाकर प्रांत डोली, विनोद मेहता, रूपदेव सिसोदिया, वासुदेव धनगर, राधेश्याम लोहार, देवीलाल सुनार्थी, बंटी दायमा, मुकेश दायमा, विजय शर्मा, बनवारी जी, नवीन खोखर, ब्रजेश सेन मारोठिया ने किया। आज के मैच के अंपायर वेदांत व्यास केशव मादलीय अब्बू अमन स्कोरर मिहिर सोलंकी रिदम नाहटा थे। आरंभ में आयोजन के सूत्रधार रवि प्रकाश बुंदेला ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन देवीलाल सुनार्थी ने किया एवं आभार विनोद मेहता ने माना।


# सजावट से निखर रहा महालक्ष्मी मंदिर, मातारानी के अद्भूत श्रृंगार के दर्शन करने दूर-दूर से आएंगे भक्त

**रतलाम, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** दीपोत्सव के लिए शहर के माणकचौक स्थित प्रसिद्ध महालक्ष्मी मंदिर में सजावट का सिलसिला प्रारंभ हो गया है। बड़ी संख्या में भक्त सजावट के लिए सोने-चांदी के आभूषण, सिक्के, मूर्तियां, हीरे-मोती, नोट, तिजोरी आदि देने पहुंच रहे हैं। मंदिर में सजावट के लिए 28 अक्टूबर तक सामग्री ली जाएगी। वर्तमान में मंदिर में नोटों से सजावट शुरू की जा रही है।

सजावट पूरी होने के बाद पांच दिवसीय दीपोत्सव के पहले दिन धनतेरस पर ब्रह्म मुहूर्त में मंदिर के पट खोले जाएंगे। दीपोत्सव में नोट, सोने-चांदी के आभूषण, हीरे-मोती आदि से होने वाली सजावट को लेकर मंदिर में दर्शन के लिए देशभर से श्रद्धालु आएंगे। धनतेरस से शुरू हुए विशेष शृंगार के दर्शन भाईदूज तक लगातार किए जा सकेंगे। इसके बाद श्रद्धालुओं को सामग्री लौटाने का सिलसिला प्रारंभ होगा। मालूम हो कि महालक्ष्मी मंदिर में भक्त अपनी इच्छा से नक्दी, सोने-चांदी के जेवर, सिल्ली सहित हीरे-मोती आदि सामग्री शृंगार के लिए देते हैं। इस सामग्री से होने वाले विशेष शृंगार को लेकर मंदिर देशभर में विख्यात है। पूर्व में कुछ ही लोग सामग्री देते थे, लेकिन वर्ष 2008 के बाद से सामग्री देने वाले भक्तों की संख्या बढ़ने पर शृंगार का स्वरूप भी विस्तृत कर दिया गया। रतलाम के अलावा बांसवाड़ा, दाहोद, पीथमपुर सहित अन्य जिलों से भी भक्त सामग्री देने रतलाम आ रहे हैं। दी जाने वाली सामग्री को रजिस्टर में दर्ज कर श्रद्धालु को टोकन दिया जाता है। इसी टोकन से सामग्री वापस मिल जाती है। इस बार भी यही व्यवस्था है।

**यह है सुरक्षा व्यवस्था–** अतिरिक्त पुलिस बल लगाया जाता है। मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे का डिस्प्ले पास में स्थित माणकचौक थाने पर रहता है। वहां से भी निगरानी होती है। मंदिर के संजय पुजारी ने बताया कि अब तक 150 से अधिक भक्त तरह-तरह की सामग्री दे चुके हैं। भाईदूज के बाद रजिस्टर में दर्ज फोटो, टोकन आदि के आधार पर ही सामग्री वापस की जाएगी।

## ✻ अंतिम यात्रा ✻



हरीश शर्मा के काका जी दिनेश श्रोत्रिय के पिताजी व तुषीन के दादाजी अगस्त्य के परदादाजी श्री भंवरलाल जी श्रोत्रिय का आज 20 अक्टूबर रविवार को स्वर्गवास हो गया है। आपकी अंतिम यात्रा संजय उद्यान के नजदीक स्थित निज निवास दुर्गा निवास नई आबादी से 21 अक्टूबर सोमवार को प्रात: 10 बजे शव वाहन से निकलेगी।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**हरीश शर्मा, दिनेश श्रोत्रिय तथा श्रोत्रिय परिवार मंदसौर**

## ✻ उठावना ✻



अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है की दुर्गामल जी टांक ठेकेदार (कुमावत) का स्वर्गवास कल दिनांक 19 अक्टूबर 2024 को हो गया है जिनका उठावना कल दिनांक 21.10.2024 को निजी आवास नरसिंह मंदिर के सामने, नरसिंहपुरा सब्जी मंडी पर दोपहर 12 बज़े रहेगा।

**✻✻✻ शोकाकुल ✻✻✻**
**समस्त टांक (कुमावत) परिवार**



## जोगणिया माता मंदिर का ताला तोड़ चोरों ने चांदी के आभूषण और दानपेटी पर किया हाथ साफ

**मनासा, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम माता रुंडी में शनिवार और रविवार की मध्य रात्रि में अज्ञात चोरों ने जोगणिया माता मंदिर का ताला तोड़कर माता जी को पहनाए गए के चांदी के आभूषण और छत्र व दान पेटी चोरी कर ले गए। जैसे ही रविवार को सुबह ग्रामीण जनों को इसकी जानकारी मिली तो बड़ी संख्या में ग्रामीण जन मंदिर पर एकत्रित हुए साथी मनासा थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची मनासा थाना पुलिस ने मर्ग काम करते हुए अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच में जुट गई।ग्रामीणों ने बताया कि लगातार 15 दिन से पडदा ओर मातारुंडी में चोरी की वारदाते होती आ रही है।तीन दिन पूर्व अज्ञात चोरों ने एक घर में घुसकर घर में सो रहे एक परिवार के साथ मारपीट करते हुए सोने चांदी के जेवरात और नगदी चुरा ले गए।

# अभा ढाई आखर पत्र लेखन अभियान प्रतियोगिता का आयोजन 14 दिसम्बर तक

**मंदसौर, 20 अक्टूबर गुरु एक्सप्रेस।** अधीक्षक डाकघर मन्दसौर ने बताया कि भारतीय डाक विभाग द्वारा 'अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान' वर्ष 2024-25 के तहत पत्र लेखन प्रतियोगिता का आयोजन 14 दिसम्बर 2024 तक किया जा रहा है। इस वर्ष प्रतियोगिता का विषय 'लेखन का आनंद: डिजिटल युग में पत्रों का महत्व / "The Joy of Writing: Importance of Letters in a Digital age" निर्धारित किया गया है। प्रतियोगिता सभी आयु वर्ग के लिए रखी गई है, जिसमे अठारह वर्ष तक तथा अठारह वर्ष के अधिक की दो श्रेणियां रखी गई है। इन दो श्रेणियों में अंतर्देशीय पत्र (अधिकतम 500 शब्दों में) एवं लिफाफा (अधिकतम 1000 शब्दों में) की दो उपश्रेणियां रखी गई है। हस्त लिखित पत्र हिंदी / अंग्रेजी में अधीक्षक डाकघर, मंदसौर-458001 के कार्यालय के पते पर रजिस्टर्ड डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से अथवा हाथों-हाथ भेजा जा सकता है। पत्र में प्रतिभागी को उम्र के सम्बन्ध में स्वहस्ताक्षरित प्रमाण पत्र देना होगा कि 1 जनवरी 2024 को मेरी आयु 18 वर्ष से कम / अधिक है। मध्यप्रदेश परिमंडल से प्रत्येक उपश्रेणी के सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को क्रमश: रू. 25000/-, रू. 10000/- एवं रू. 5000/- से पुरुस्कृत किया जायेगा एवं चयनित पत्रों को अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु महानिदेशालय नई दिल्ली भेजा जाएगा। महानिदेशालय नई दिल्ली द्वारा अखिल भारतीय स्तर पर प्रत्येक उपश्रेणी में चयनित सर्वश्रेष्ठ तीन पत्रों को क्रमश: रु 50,000/-, रु 25000/- एवं रु 10000/- से सम्मानित किया जायेगा। पत्र पोस्ट करने की अंतिम तारीख 14 दिसम्बर 2024 रखी गयी है। इसके बाद पोस्ट किये गये पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा" परिमंडल स्तर पर चयनित प्रतिभागियों का परिणाम 23 जनवरी 2025 तक घोषित किया जावेगा। परिमंडल प्रमुख श्री विनीत माथुर, मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, मध्यप्रदेश परिमंडल, भोपाल ने मध्यप्रदेश के सभी नागरिको से 'अखिल भारतीय ढाई आखर पत्र लेखन अभियान' से जुड़ने की अपील की है।

✻ पूजारी चाहिए ✻
**श्री हरिहर धाम**
वेदांत विहार, लक्ष्मी नगर, अभिनंदन रोड, मंदसौर
मंदिर में विराजित दिव्य प्रतिमाओं के पूजन और आरती के लिए पूजारी की आवश्यकता है।
✻✻ संपर्क समय ✻✻
दोपहर 2 बजे से शाम 06 बजे तक
मो. 9424033322, 9425105927

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, प्रकाशक, मुद्रक आशुतोष नवाल के लिए गुरु मीड्यिा एण्ड इंटरटेनमेन्ट कम्पनी, शक्ति नगर मन्दसौर से मुद्रित एवं 77 लक्ष्मीनगर, वेदान्त विहार मन्दसौर से प्रकाशित। (हर प्रकार के विवाद का न्याय क्षेत्र मन्दसौर रहेगा) संपादक– आशुतोष नवाल RNI-MPHIN2006/20356
समाचार पत्र में छपे विज्ञापनों के लिए समाचार पत्र उत्तरादायी नहीं है एवं विज्ञापनो में प्रकाशित विचार विज्ञापनदाता की निजी राय है। इससे समाचार पत्र का कोई संबंध नहीं है। फोन 495831, मो. 9425105927,28 ashugurumds@gmail.com, ashu_guru2@yahoo.co.in